University in News on 23 January 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : रंगोली में उतारा रामलला का विग्रह

ललित कला संकाय के विद्यार्थियों ने 1.5 क्विंटल रंग से की रचना, शिक्षण संस्थाओं में मना रामोत्सव

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। जब पूरा देश अयोध्या के राममंदिर में भगवान श्रीराम के विग्रह में प्राण प्रतिष्ठा के अद्भुत पलों का साक्षी बन रहा था, उस समय लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रंगोली से विवि के टैगोर पार्क में श्री रामलला के चित्र को उकेर रहे थे। ललितकला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली में बनाई यह प्रतिमा हूबहू प्राण प्रतिष्ठा की गई मूर्ति का स्वरूप थी। आर्ट्स कॉलेज के शिक्षकों का दावा है कि पहली बार भगवान राम के बाल स्वरूप की इस मूर्ति को रंगोली के माध्यम से उकेरा गया। इसमें अलग-अलग 1.5 क्विंटल रंगों का उपयोग किया गया। इसे विद्यार्थियों ने दो दिन में बनाया। इसमें बीवीए दूसरे वर्ष के 20 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। महाविद्यालय की डॉ. सुगंधा और डॉ. गीतिका के निर्देशन में सौरभ अग्रवाल, अभिनव नाथ व अन्य शामिल रहे। कुलपति ने रंगोली निर्माताओं को पुरस्कृत किया।

लविवि में ललित कला संकाय के छात्र-छात्राओं ने बनाई अद्भुत रंगोली। अमर उजाला

11 हजार दीप जले, सुंदरकांड पाठ हुआ... लविवि में भजन मंडली ने सुंदरकांड पाठ के साथ ही भजन सुनाए। शाम को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व विद्यार्थियों ने परिसर में 11 हजार दीये रोशन कर राम ज्योति प्रज्ज्वलित की। शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भाषा विवि में भी हुए आयोजन... ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में विद्यार्थियों ने फूलों की रंगोली से रामलला के चरण बनाए। पूरे परिसर में दीप जलाए गए हैं। कुलपति प्रो. एनबी सिंह व शिक्षक मौजूद रहे। अटल बिहारी बाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज को विभिन्न रंगों की रोशनी से सजाया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. सुभाष चंद्र पांडेय ने मिष्ठान खिलाकर खुशी जताई।

लविवि : पीएचडी के लिए 31 तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 31 जनवरी तक आवेदन फार्म भर सकते हैं। इसके पहले 22 जनवरी प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि तय थी। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों की मांग पर कुलपति प्रो. आलोक राय ने विचार करते हुए आवेदन तिथि बढ़ाने के फैसले को मंजूरी दी है। अब तक जिन्होंने आवेदन नहीं किया वह विवि की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। विवि ने 2 जनवरी को विज्ञापन जारी करते हुए 39 विषयों में 898 नियमित और 58 पार्टटाइम सीटों के लिए आवेदन मांगे थे। (संवाद)

NBT PAGE 4

राम तिलक हित मंगल साजा

LU में रंगोली से उकेरा मंदिर और राम का रूप

■ **एनबीटी संवाददाता, लखनऊ:** एलयू में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के स्वरूप को रंगोली से उकेरा। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सुंदर कांड पाठ और हनुमान चालीसा के साथ ही पूजन-अर्चन हुआ। इस दौरान ललित कला संकाय के विद्यार्थियों ने 34X36 फुट की रंगोली के माध्यम से मंदिर और श्रीराम के स्वरूप को उकेरा। शिक्षिका सुगंधा माहेश्वरी और गीतिका शुक्ला के मार्गदर्शन में 20 स्टूडेंट्स ने 80 किग्रा मार्बल डस्ट से रंगोली सजाई।

i-NEXT PAGE 5

31 तक करें पीएचडी के लिए अब आवेदन

LUCKNOW (22 JAN): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा कर 31 जनवरी कर दी है. पहले अंतिम तारीख 22 जनवरी थी. कैंडीडेट लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर एडमिशन पेज के पीएचडी एडमिशन में जाकर आवेदन कर सकते है.

रखें इन बातों का ध्यान

एडमिशन पोर्टल अभ्यर्थी अपने संबंधित के कारण ने भी डिटी की जानकार का जरूर से एकदू डी ऐप डाउनलोड करके भी भर सकते है. पीएचडी एडमिशन पोर्टल से पहले इनके अभ्यर्थी की Lucknow University Registration Number (LURN) /पीएचडी डमिशन अनिवार्य है. डमिशन पोर्टलका कार्य के लिए अभ्यर्थी एडमिशन पेज जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर ले. फार्म में रजिस्ट्रेशन नंबर जरूर डालनी है.

ऐसा है प्रोसेस...

- फार्म भरने से पहले एडमिशन फीस का अंतिम निर्देश जरूर पढ़ ले.
- अभ्यर्थी को फार्म में फीस सभी 50 पेजों के अंदर ही.
- डिप्लोमा की फीस सभी 50 पेजों के अंदर होगी
- फीस.
- डिग्री जानकारी का ध्यान रखना है तो उसके अलावा की फीस सभी 50 पेजों के अंदर ही.
- अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि फॉर्म भरने की अंतिम प्रक्रिया
- अब रुपये के बाद 72 घंटे के पहले डीमांड पेमेंट न जमा करें. ● डिग्री की प्रवेश की अनुमति फोन पर हेल्पलाइन ने. 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम 6 बजे सम्पर्क कर सकते हैं.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में टैगोर पुस्तकालय के सामने कालेज आफ आर्ट एंड क्राफ्ट के विद्यार्थियों ने श्री राम विग्रह को रंगोली से बनाया ● एकज ओझा

31 तक होंगे पीएचडी के आवेदन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अब सत्र 2023-24 के पीएच.डी. प्रवेश के लिए आवेदन 31 जनवरी तक किए जा सकेंगे। सोमवार को इसका आखिरी दिन था। ऐसे में विश्वविद्यालय ने तिथि बढ़ा दी है।

लवि ने एक जनवरी को पीएच. डी. के 39 विषयों में 898 रेगुलर व 58 पार्टटाइम सीटों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। 22 जनवरी तक आवेदन का मौका दिया गया था। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब 31 जनवरी तक आवेदन होंगे। अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर एडमिशन पेज पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र पर भी यह संख्या भरनी जरूरी है। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

VoL PAGE 6

लविवि में पीएचडी आवेदन की तिथि 31 तक बढ़ी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 से बढ़ाकर 31 जनवरी कर दी गई है । अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर एडमिशन पेज के पीएचडी एडमिशन में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

PIONEER PAGE 4

एलयू की धरा पर उतरे राम, राममय हुआ माहौल

- **19 छात्रों द्वारा 80 किलोग्राम रंगोली रंगों का उपयोग कर बनाये गये मर्यादा पुरुषोतम राम**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को वातावरण पूरा राम के रंग में रंगा नजर आया। एक तरफ सुंदरकांड तो वहीं दूसरी तरफ ललित कला संकाय के 19 छात्रों द्वारा 80 किलोग्राम रंगोली रंगों का उपयोग कर राम को धरा पर उकेरने का काम, लोगों को बरबस आकर्षित करता हुआ नजर आया।

विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में राम मंदिर अयोध्या में शुभ प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के लिए आज टैगोर लॉन में एक आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया। एक भावपूर्ण भजन संध्या के साथ शुरू होकर, धार्मिक कार्यक्रम सुंदर कांड पाठ के माध्यम से आगे बढ़ाए जो हनुमान चालीसा के गूंजते पाठ और एक जीवंत आरती के साथ समाप्त हुआ। शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र.छात्राओं की उपस्थिति से मनमोहक माहौल बना रहा। प्रतिभाशाली ललित कला के छात्रों ने 34बाई36 माप की अयोध्या में मंदिर के साथ श्रीराम की शानदार रंगोली के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रंगोली शिक्षिका सुगंधा माहेश्वरी और गीतिका शुक्ला के मार्गदर्शन में 19 छात्रों द्वारा बनाई गई थी, इसमें 80 किलोग्राम रंगोली रंगों का उपयोग किया गया था। जिसमें रंगोली की गुणवत्ता और सुंदरता बढ़ाने के लिए सभी रंगों का उपयोग किया गया था।

प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित आभूषण और चित्रों सहित विविध कला रूपों को भी प्रदर्शित किया गया। पंडाल में, पायल ने भगवान राम के दिव्य बाल स्वरूप को धारण किया, जबकि नितिन, क्षितिज, स्नेहा और कमल ने क्रमशः राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भूमिकाएँ निभाईं। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. मधुरिमा लाल, निदेशक सांस्कृतिकी के नेतृत्व में सांस्कृतिक टीम द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में उपस्थित लोग दिव्य मंत्रों और विश्वविद्यालय के छात्रों की प्रभावशाली प्रतिभा से मंत्रमुग्ध हो गए। समस्त कार्यक्रम कुलपति द्वारा प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।

एलयू में पीएचडी ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023.24 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2024 से बढ़ा कर 31 जनवरी 2024 कर दी है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

THE PIONEER PAGE 3

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

छात्रों ने बनायी रंगोली, कुलपति ने की आरती

लखनऊ (एसएनबी)। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर लॉन में एक आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने आरती की और प्रसाद वांटा। कार्यक्रम की शुरुआत भावपूर्ण भजन संध्या के साथ हुई, इसके वाद सुंदर कांड पाठ के माध्यम से हनुमान चालीसा पाठ और आरती के साथ समाप्त हुआ। आर्ट्स कॉलेज के छात्रों ने रंगोली के माध्यम से 34 गुणे 36 फीट माप की श्रीराम भगवान का शानदार चित्र वनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रंगोली शिक्षिका सुगंधा माहेश्वरी और गीतिका शुक्ला के मार्गदर्शन में 19 छात्रों द्वारा वनाई गई थी, इसमें 80 किलोग्राम रंगोली रंगों का उपयोग किया गया था, जिसमें रंगोली की गुणवत्ता और सुंदरता वढ़ाने के लिए सभी रंगों का उपयोग किया गया था। प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्रों द्वारा वनाए गए हस्तनिर्मित आभूषण और चित्रों सहित विविध कला रूपों को भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम कुलपति द्वारा प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के महमूदावाद छात्रावास में गोष्ठी व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में लेखक व चिंतक रामवावू पांडे रहे। भारत के आत्मपुरुष श्रीराम पर वोलते हुए मुख्य वक्ता ने रामजी के पूर्वजों तथा तत्कालीन ऋषियों के ज्ञान आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला। गोष्ठी के उपरांत सुंदरकांड का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रावास के छात्रों ने सम्मिलित होकर मानस पाठ किया व प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें छात्रावास के प्रोवोस्ट डॉ. ओपी शुक्ल, विशाल शुक्ल, अमन दुवे, शिवकान्त त्रिवेदी अनमोल और लगभग 150 छात्र उपस्थित रहे।

TRUE TIMES

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश पर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर किया गया अध्यात्मिक कार्यक्रम

द टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में राम मंदिर, अयोध्या में शुभ प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के लिए 22 जनवरी को टैगोर लॉन में एक आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया। एक भावपूर्ण भजन संध्या के साथ शुरू होकर, धार्मिक कार्यक्रम सुंदर कांड पाठ के माध्यम से आगे बढ़ा, जो हनुमान चालीसा के गूंजते पाठ और एक जीवंत आरती के साथ समाप्त हुआ।

शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से मनमोहक माहौल बना रहा। प्रतिभाशाली ललित कला के छात्रों ने 34'x36' माप की अयोध्या में मंदिर के साथ श्रीराम की शानदार रंगोली के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रंगोली शिक्षिका सुगंधा माहेश्वरी और गीतिका शुक्ला के मार्गदर्शन में 19 छात्रों द्वारा बनाई गई थी, इसमें 80 किलोग्राम रंगोली रंगों का उपयोग किया गया था, जिसमें रंगोली की गुणवत्ता और सुंदरता बढ़ाने के लिए सभी रंगों का उपयोग किया गया था। प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित आभूषण और चित्रों सहित विविध कला रूपों को भी प्रदर्शित किया गया।

पंडाल में, पायल ने भगवान राम के दिव्य बाल स्वरूप को धारण किया, जबकि नितिन, क्षितिज, स्नेहा और कमल ने क्रमशः राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भूमिकाएँ निभाईं।

संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. मधुरिमा लाल, निदेशक सांस्कृतिकी के नेतृत्व में सांस्कृतिक टीम द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में उपस्थित लोग दिव्य मंत्रों और विश्वविद्यालय के छात्रों की प्रभावशाली प्रतिभा से मंत्रमुग्ध हो गए। यह समस्त कार्यक्रम कुलपति द्वारा प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।

AMRIT VICHAR PAGE 9

लविवि के छात्रों ने रंगों से उकेरा रामलला का स्वरूप

विश्वविद्यालय में हुआ सुंदर कांड का पाठ, छात्रावास और परिसर में दीपोत्सव का भी आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लखनऊ विवि में रंगों से तैयार रामलला का स्वरूप और मंदिर। फोटो : अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा को लेकर टैगोर लॉन में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगों के माध्यम से रामलला का स्वरूप भी उकेरा। साथ ही अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

लविवि में कार्यक्रम भावपूर्ण भजन संध्या के साथ शुरू हुआ। इसी के बाद सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। हनुमान चालीसा पाठ और परिसर में आयोजित आरती उत्सव ने विवि को भक्तिमय बना दिया। शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से मनमोहक माहौल देखने को मिला। वहीं ललित कला के छात्रों ने अयोध्या में मंदिर के साथ श्रीराम की रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मधुरिमा लाल के नेतृत्व में सांस्कृतिक टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिव्य मंत्रों और विश्वविद्यालय के छात्रों की प्रभावशाली प्रतिभा आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में कुलपति एके राय द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

80 किग्रा रंगों का किया गया उपयोग

विवि में बनाई गई रंगोली शिक्षिका सुगंधा माहेश्वरी और गीतिका शुक्ला के दिशा निर्देशन में 19 छात्रों द्वारा तैयार की गई। बताते हैं कि इसमें करीब 80 किलोग्राम रंगों का उपयोग किया गया।

विविध कला का भी प्रदर्शन

लविवि में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों द्वारा हस्तनिर्मित आभूषण और चित्रों सहित विविध कला रूपों को भी प्रदर्शित किया गया। पंडाल में छात्रा पायल ने भगवान राम के दिव्य बाल स्वरूप को धारण किया, जबकि नितिन, क्षितिज, स्नेहा और कमल द्वारा क्रमशः राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भूमिकाओं का निर्वहन किया गया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

लविवि में प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए टैगोर लॉन में एक आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया। एक भावपूर्ण भजन संध्या के साथ शुरू होकर, धार्मिक कार्यक्रम सुंदरकांड पाठ के माध्यम से आगे बढ़ा जो हनुमान चालीसा के गूंजते पाठ और एक जीवंत आरती के साथ समाप्त हुआ। शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से मनमोहक माहौल बना रहा। प्रतिभाशाली ललित कला के छात्रों ने विशालकाय अयोध्या मंदिर के साथ श्रीराम की शानदार रंगोली के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रंगोली शिक्षिका सुगंधा माहेश्वरी और गीतिका शुक्ला के मार्गदर्शन में 19 छात्रों द्वारा बनाई गई। इसमें 80 किलोग्राम रंगोली रंगों का उपयोग किया गया। जिसमें रंगोली की गुणवत्ता और सुंदरता बढ़ाने के लिए सभी कई प्रकार के रंगों का उपयोग किया गया। प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित आभूषण और चित्रों सहित विविध कला रूपों को भी प्रदर्शित किया गया। पंडाल में पायल ने भगवान राम के दिव्य बाल स्वरूप को धारण किया,जबकि नितिन, क्षितिज, स्नेहा और कमल ने क्रमशः राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भूमिकाएं निभाईं।

LOKSATYA PAGE 3

कुलपति के मार्गदर्शन में लविवि में हनुमान चालीसा और आरती

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय ने माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में राम मंदिर, अयोध्या में शुभ प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के लिए 22 जनवरी को टैगोर लॉन में एक आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया। एक भावपूर्ण भजन संध्या के साथ शुरू होकर, धार्मिक कार्यक्रम सुंदर कांड पाठ के माध्यम से आगे बढ़ा, जो हनुमान चालीसा के गूंजते पाठ और एक जीवंत आरती के साथ समाप्त हुआ। शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से मनमोहक माहौल बना रहा ।प्रतिभाशाली ललित कला के छात्रों ने 34'x36' माप की अयोध्या में मंदिर के साथ श्रीराम की शानदार रंगोली के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रंगोली शिक्षिका सुगंधा माहेश्वरी और गीतिका शुक्ला के मार्गदर्शन में 19 छात्रों द्वारा बनाई गई थी, इसमें 80 किलोग्राम रंगोली रंगों का उपयोग किया गया था, जिसमें रंगोली की गुणवत्ता और सुंदरता बढ़ाने के लिए सभी रंगों का उपयोग किया गया था। प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित आभूषण और चित्रों सहित विविध कला रूपों को भी प्रदर्शित किया।